Rajasthan State Handball Association

AFFILIATED TO Handball Association India
Rajasthan State Olympic Association
RECOGNIZED BY Rajasthan State Sports Council
PAN No. AAAAR6714K
REGISTERED UNDER Rajasthan Sports Act 2005 No. क्री.स./राज्य/025/2005

Ref no- RSHA/Senior State / 2026–27 / 172–212 दिनांक 28.10.2026

परिपत्र संख्या–03 / 2026–27

सभी संबंधित ईकाईयां,

विषयः 49वीं राजस्थान राज्य सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (पुरुष व महिला) 2026–27.

महोदय,

आपको जानकर हर्ष होगा कि **वर्ष 2026–27 की 49वीं राजस्थान राज्य सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (पुरुष व महिला) का आयोजन श्रीमहावीर जी (करौली) में दिनांक 08.12.2026 से 11.12.2026 तक कृपा बाबा हैंडबॉल अकादमी, रौड़कलां (करौली) द्वारा किया जा रहा हैं।** में राज्य हैंडबॉल संघ की ओर से आपको उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने का निमंत्रण देता है।

प्रतियोगिता के नियम व निर्देश

1. प्रतियोगिता हँडबॉल एसोसिएशन इंडिया के प्रचलित नियमों के अंतर्गत लोग–कम–नाकआउट के आधार पर खेली जायेगी।
2. भाग लेने वाली टीमों को मुफ्त आवास की सुविधा प्रतियोगिता आरंभ होने से एक दिन पहले से उपलब्ध करवाई जाती उक्त सुविधा का लाभ टीम को हारने के बाद नहीं मिलेगा।
3. मैचों के **ड्रॉज 'श्रीमहावीर जी करौली'** में ही उपलब्ध करवाये जायेंगे। इस अवधि में आप टीम के भाग लेने की भण 04.12.2026 तक आवश्यक रुप से राज्य संघ व आयोजन सचिव को भेजेंगे, अन्यथा डॉज में नाम शामिल नहीं किया जायेगा।
4. प्रतियोगिता में सभी टीमें निर्धारित किट में होगी तथा मैदान के अंदर व बाहर अनुशासन बनाये रखेगी।
5. राज्य प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व जिला प्रतियोगिता आयोजित करनी आवश्यक है। जिलों की टीमों का चयन जिाना प्रतियोगिता के दौरान ही करें और जिला खेल अधिकारी, जिला क्रीड़ा परिषद् को प्रतियोगिता में आमंत्रित कर चयन में उनका मार्गदर्शन प्राप्त करें।
6. **सभी जिला संघ यह सुनिश्चित कर ले कि जिला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ की वेबसाइट पर वर्ष 2026–27 का ऑनलाइन पंजीकरण कर लिया है। आरएच–पिन (RH PIN) के अभाव में उक्त खिलाड़ियों को खेलने नहीं दिया जावें।**
7. प्रतियोगिता के परिणाम, प्रतिवेदन, ड्रॉज आदि हमेशा की भांति जिला क्रीड़ा परिषद् से प्रतिहस्ताक्षर करवाकर साथ लायें। इसके अभाव में राजस्थान राज्य **क्रीड़ा परिषद् द्वारा टी.ए. डी.ए. का भुगतान नहीं किया जायेगा। क्रीड़ा परिषद् द्वारा टी.ए.डी.ए. का भुगतान ऑनलाइन किया जाता है, जिसके लिये सभी खिलाड़ी अपनी बैंक खाता पासबुक या चेक की फोटोकॉपी और आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लावें।**
8. मैच के दौरान यदि कोई प्रोटेस्ट हो तो रुपये 500/– के साथ पूर्ण विवरण देते हुये मैच समाप्ति के दस मिनट बाद तक प्रस्तुत किया जा सकता हैं। प्रोटेस्ट स्वीकार नहीं होने की स्थिति में राशि जब्त कर ली जायेगी।
9. प्रतियोगिता में पहले तीन स्थानों पर रहने वाली टीमों को ट्रॉफी व उचित ईनाम दिये जायेंगे। **प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ पुरुष व महिला खिलाड़ी को स्व. श्री हनुमान सिंह जी की स्मृति में नकद पुरस्कार दिये जायेंगे।**

Diggi House, Shivaji Marg, C-Scheme, Jaipur-302004
+91-98292-58000
rajasthanhandball@gmail.com
handball.rajasthan@gmail.com

10. प्रतियोगिता का उद्घाटन 08.12.2026 को प्रातः 11.30 बजे किया जायेगा। प्रत्येक टीम को समय पर किट में पहुंचना आवश्यक है। सभी टीमें दिनांक 07.12.2026 की शाम तक अवश्य **श्रीमहाबीर जी (करौली)** पहुंच जायें।

11. मैचों का समय प्रतिदिन सुबह 8.00 बजे से 12.30 बजे तक तथा अपरान्ह 2.00 बजे से 6.00 बजे तक का होगा।

मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आपके सहयोग से प्रदेश में हैंडबॉल उत्तरोत्तर प्रगति करेगा। आप अपनी पुरुषव महिला टीमें अवश्य ही **श्रीमहावीर जी (करौली)** भेजेंगे और टीमों के पहुंचने की सूचना आयोजन सचिव व राज्य संघ को ईमेल या टेलीफोन द्वारा देंगे।

प्रतियोगिता में राज्य हैंडबॉल संघ के पर्यवेक्षक श्री भंवर बलवीर सिंह (सचिव, सवाई माधोपुर जिला हैंडबॉल संघ) होंगे।

नोटः

1. **सभी जिला संघ अपने टीमों के एंट्री फार्म आवश्यक रुप से 08.12.2026 की सुबह तक राज्य हैंडबॉल संघ के पर्यवेक्षक को जमा करवायेंगे। इसके अभाव में उक्त जिले की टीमों को मैच नहीं खेलने दिये जायेंगे।**
2. **श्रीमहावीर जी एक धार्मिक स्थान है अतः आप सभी जिला सचिव/प्रभारी उक्त प्रतियोगिता के दौरान यह सुनिश्चित करेंगें कि कोई भी खिलाड़ी, टीम कोच/मैनेजर या प्रभारी यहां पर मांस व मंदिरा का सेवन नहीं करेंगे। कोई ऐसा करता पाया गया तो सख्त कारवाई की जायेगी।**

आपका,

(यश प्रताप सिंह)
मानद सचिव

अध्यक्ष–आयोजन समिति
श्रीमान महेश सिंह गुर्जर
मोबाइल न.रू 9413593664

आयोजन सचिवः
श्रीमान दिनेश गुर्जर
मोबाइल न.: 8890239280

प्रतिलिपिः
श्रीमान सचिव महोदय, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्, जयपुर।

(यश प्रताप सिंह)
मानद सचिव

प्रतियोगिता स्थलः रा. उ. मा. वि. खेल मैदान, श्रीमहावीर जी–करौली